# चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ

## कैबिनेट की मंजूरी : 15 किमी होगी लंबाई, 513.97 करोड़ रुपये होंगे खर्च

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 04 लेन (06 लेन विस्तारणीय) प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना को मंजूरी दे दी गई। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए ईपीसी पद्धति पर निर्माणकर्ता चयन संबंधी अंतिम आरएफपी दस्तावेज को स्वीकृति प्रदान की गई है।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। एक्सप्रेसवे जनपद चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बीजी पर ग्राम अहमदगंज तक जाएगा। इसकी कुल लंबाई 15.172 किलोमीटर होगी और निर्माण पर 513.97 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एक्सप्रेसवे बनने से चित्रकूट धाम तक आवागमन आसान होगा और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को तेज और सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी।

## लखीमपुर में बलरामपुर चीनी मिल्स करेगी 2850 करोड़ रुपये का निवेश

**लखनऊ।** लखीमपुर में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड 2850 करोड़ से औद्योगिक इकाई लगाएगी। कैबिनेट ने इस संबंध में लेटर ऑफ कम्फर्ट को मंजूरी दे दी। प्रदेश में बायो प्लास्टिक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश बायो प्लास्टिक उद्योग नीति लागू की गई थी।

- इसी नीति के तहत एलओसी जारी की गई है। कैबिनेट में यूपीसीडा, लखनऊ मेट्रो रेलपरियोजना, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकास एवं संपत्तियों का आवंटन, सार्वजनिक उद्यम विभाग की सीएजी रिपोर्ट विधानसभा पटल में रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। ब्यूरो